देशी निवेशकों को साधने आज मुंबई जाएंगे योगी

सीएम ने संभाली घरेलू रोड शो की कमान

अमर उजाला ब्यूरो

मुंबई में बड़े उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों से करेंगे मुलाकात, फिल्मी हस्तियों से भी मिलेंगे

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेटर्स समिट को लेकर 16 देशों में हुए रोड शो की सफलता के बाद घरेलू रोड शो की कमान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद संभालेंगे। 5 से 27 जनवरी तक देश के नौ बड़े शहरों में होने जा रहे इन रोड शो की शुरुआत मुंबई से होगी। सीएम योगी वहां 4 और 5 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वे बड़े उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर उन्हें यूपी में निवेश का न्योता देंगे।

सीएम चार जनवरी को दोपहर में लखनऊ से मुंबई के लिए उड़ान भरेंगे। मुंबई में वे शाम को महाराष्ट्र में रह रहे यूपी के प्रवासियों से मुलाकात करेंगे। सीएम फिल्म जगत के कलाकारों एवं निर्माताओं से भी मुलाकात कर यूपी में बन रही फिल्म सिटी की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। साथ ही ग्लोबल इन्वेटर्स समिट की जानकारी देंगे। उन्हें यह भी बताएंगे कि किस तरह से यूपी देश में वैश्विक निवेश का एक बेहतर गंतव्य बनकर उभरा है और दुनिया भर के निवेशक यूपी में निवेश के इच्छुक हैं।

5 जनवरी को सीएम के दौरे की शुरुआत सुबह बैंकर्स और फिनटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों से संवाद से होगी। इसके बाद वे रोड शो में भाग लेंगे। यहां टाटा समूह, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा, गोदरेज, आदित्य बिरला समूह, पिरामल इंटरप्राइजेज, पार्ले एग्रो, जेएसडब्ल्यू ग्रुप और स्टार एंड डिजनी समूह के प्रतिनिधियों भेंट करेंगे। अन्य दौरों में हिंदुजा ग्रुप, हिंदुस्तान यूनी लिवर, अदाणी ग्रुप, हीरानंदानी ग्रुप, टोरेंट पावर, वॉकहार्ड, इंडियन मर्चेंट्स चैंबर्स, रुवा एडवर्टाइजर्स, केकेआर इंडिया, हिंदुजा ग्रुप, एवर स्टोन ग्रुप, हीरो साइकिल, आरपीजी इंटरप्राइज, एल एंड टी, रैमकी ग्रुप ऑफ कंपनी जैसे बड़े औद्योगिक समूहों से वार्ता करेंगे।

घरेलू रोड शो के लिए बनाएं प्रभावशाली रणनीति

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने मंगलवार को बैठक कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। -विज्ञप्ति

अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्य सचिव ने इन्वेस्टमेंट सेल बनाने के दिए निर्देश

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय रोड शो करने के बाद पूरी दुनिया में यूपी के प्रति एक सकारात्मक संदेश गया है। विदेशी निवेशकों के साथ-साथ हमें अपने देश के निवेशकों से भी संपर्क करना है। देश में होने वाले रोड शो के लिए भी शीघ्र प्रभावशाली रणनीति तैयार करें। निवेशकों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए संबंधित विभागों में इन्वेस्टमेंट सेल बनाएं। वे मंगलवार को इस संबंध में हुई बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग निवेशकों के साथ 20 जनवरी तक बैठक अवश्य कर लें। ऐसे सेक्टर को चिह्नित कर लें, जहां अधिक से अधिक निवेश लाया जा सकता है। ब्रोशर में पॉलिसी का ब्यौरा सरल भाषा में लिखा जाए ताकि निवेशकों को समझने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि व्यापक निवेश से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे, जिसका सीधा लाभ हमारे युवाओं को मिलेगा। बेहतर फॉलोअप के लिए हर देश के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाए। बैठक में अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अरविंद कुमार समेत कई अन्य अफसर भी शामिल हुए। ब्यूरो